

# अष्टादश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–12

बुधवार, दिनांक–18 फरवरी, 2026 ई०।

**माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक।**

**[1] प्रश्नकाल :–**

i. 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।

ii. 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या–49 पर्यटन विभाग में स्थानांतरित।

iii. 22 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

iv. 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।

v. 224 तारांकित प्रश्न अनागत।

**[2] कार्यस्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री रणविजय साहू, श्री अजय कुमार, श्री संदीप सौरभ, श्री अरूण सिंह एवं श्री सुरेन्द्र प्रसाद द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी।

परन्तु आसन की अनुमति प्राप्त कर माननीय सदस्य, श्री रणविजय साहू द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना को पढ़ा गया।

इसके उपरांत आसन की अनुमति से माननीय सदस्य, श्री जिवेश कुमार द्वारा बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम–285 के संदर्भ में तथा माननीय सदस्य, श्री बिजय सिंह द्वारा कटिहार जिला के कुर्सेला प्रखंड में हुए आगजनी की घटना से संदर्भित मामले पर अपना–अपना पक्ष रखा गया।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल और नारेबाजी करते हुए वेल मे आ गये। आसन द्वारा बार–बार माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने तथा सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने में सहयोग करने का आग्रह किया गया, किन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए सदन से बर्हिगमन कर गये।

**[3] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अंतर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया:–

(1) श्री ललन राम

(2) श्रीमती बिनिता मेहता

(3) श्री प्रमोद कुमार सिंह

(4) श्री उदय कुमार सिंह

| | | | |
|---|---|---|---|
| (5) | श्रीमती सोनम रानी | (6) | श्री राज कुमार राय |
| (7) | श्रीमती कविता देवी | (8) | श्रीमती निशा सिंह |
| (9) | श्री रजनीश कुमार | (10) | श्री मंजीत कुमार सिंह |
| (11) | श्री कुमार शैलेन्द्र | (12) | श्रीमती शालिनी मिश्रा |
| (13) | प्रो० नागेन्द्र राउत | (14) | श्री शुभानंद मुकेश |
| (15) | श्री विनय बिहारी | (16) | श्री रोमित कुमार |
| (17) | श्रीमती श्वेता गुप्ता | (18) | श्रीमती संगीता कुमारी |
| (19) | श्रीमती गायत्री देवी | (20) | श्रीमती छोटी कुमारी |
| (21) | श्री मो० सरवर आलम | (22) | श्री ललित नारायण मंडल |
| (23) | श्री सुजीत कुमार | (24) | श्रीमती संगीता देवी |
| (25) | श्री भरत बिन्द | (26) | श्री राकेश रंजन |
| (27) | श्री बबलू कुमार | (28) | श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी |
| (29) | श्री जनक सिंह | (30) | श्री विमल राजवंशी |
| (31) | श्री राजेश कुमार मंडल | (32) | श्री गुलाम सरवर |
| (33) | श्रीमती देवंती यादव | (34) | श्री सतीश कुमार सिंह यादव |
| (35) | श्री बीरेन्द्र कुमार | (36) | श्री सुरेन्द्र प्रसाद |
| (37) | श्री मुरारी मोहन झा | (38) | श्री कलाधर प्रसाद मंडल |
| (39) | श्री रामचन्द्र प्रसाद | (40) | श्री मुरारी पासवान |
| (41) | श्री आनन्द मिश्र | (42) | श्री मो० मुर्शिद आलम |
| (43) | श्री मिथुन कुमार | (44) | श्री नागेन्द्र चंद्रवंशी |
| (45) | श्री पप्पु कुमार वर्मा | (46) | श्री नन्द किशोर राम |
| (47) | श्री राम सिंह | (48) | श्रीमती ज्योति देवी |
| (49) | श्री बैद्यनाथ प्रसाद | (50) | श्री विजय कुमार खेमका |
| (51) | श्री पुरन लाल टुडू | (52) | श्री कुमार प्रणय |

आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों से शून्यकाल की सूचना को अनुमान्य शब्द सीमा अर्थात् पचास शब्दों के अंदर देने का आग्रह किया गया।

**[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी, श्री सतीश कुमार साह एवं अन्य छः सभासदों का लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से संबंधित तथा दिनांक 16.02.2026 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, श्री संजय कुमार सिंह द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री तारकिशोर प्रसाद, श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य पाँच सभासदों का नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(iii) माननीय सदस्य, सुश्री मैथिली ठाकुर, श्री आनन्द मिश्र एवं अन्य तीन सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, सुश्री मैथिली ठाकुर द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसके उत्तर के लिए समय की मांग की गयी।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**<u>भोजनावकाश के बाद</u>**

(02:00 बजे अपराह्न से 04:16 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

[5] <u>वित्तीय कार्य</u> :–

**वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड–06 (ग्रामीण कार्य विभाग; सहकारिता विभाग; पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग; गन्ना उद्योग विभाग तथा डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग)] पर वाद–विवाद एवं मतदान।**

माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, श्री अशोक चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य, श्री राहुल कुमार द्वारा अनुदान की मांगों में कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात् ग्रामीण कार्य विभाग के अनुदान की मांग पर वाद–विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

i. श्री अमरेन्द्र कुमार
ii. श्री प्रमोद कुमार
iii. श्री नचिकेता

[इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

iv. श्री मो० आबिदुर रहमान
v. श्री राजू तिवारी
vi. श्री मो० सरवर आलम
vii. श्री अरूण सिंह
viii. श्री अजय कुमार
ix. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता
x. श्री सतीश कुमार सिंह यादव
xi. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी
xii. श्री आलोक कुमार सिंह
xiii. श्री संजय कुमार पाण्डेय
xiv. श्री रामानंद मंडल
xv. श्री बाबुलाल शौर्य

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

xvi. श्री रूहेल रंजन

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, श्री अशोक चौधरी द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

इस दौरान विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यगण सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य, श्री राहुल कुमार का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

[6] <u>निवेदन</u> :–

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 53 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक–19 फरवरी, 2026 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–18.02.2026

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।